तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025

खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार

4
बारिश में डूब रहा था इलाका, रामनिवास टॉकीज के पास नाले की दीवार टूटी ...



## खबर संक्षेप



### कौहाकुंडा में फाउंडेशन ने किया पौधारोपण

**रायगढ़।** रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन समाजसेवी सुनील रामदास के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से कौहाकुंडा प्राथमिक शाला परिसर में फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। फाउंडेशन के राम यादव ने बताया कि हर वर्ष वर्षा ऋतु में जिलेभर में पौधारोपण अभियान चलाया जाता है। सुनील रामदास ने कहा कि यह अभियान न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण बल्कि लोगों में जागरूकता लाने का भी कार्य कर रहा है। इस अवसर पर प्रधान पाठक नरेंद्र कुमार, शिक्षिकाएं रेशमा लकड़ा, मंजू पटेल, फाउंडेशन सदस्य मदन मोहन, संजय देवांगन, शिवकुमार, भूपेंद्र श्रीवास्तव सहित कई लोग एवं छात्र उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधे रोपे और उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया।

### नवीन का सुयश, प्रथम प्रयास में बने सीए



**खरसिया।** नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्व. भगतराम अग्रवाल के पौत्र एवं शहर की जानी मानी हस्ती स्व. नटवर पांडे के सुपुत्र नवीन अग्रवाल अपने पहले प्रयास में ही सीए फाइनल एग्जाम क्लियर कर सीए बन गए है। नवीन शुरू से ही होनहार छात्र रहे है। इन्होंने अपनी 12वीं तक की पढ़ाई खरसिया में रहकर ही पूरी की तथा उसके पश्चात रायपुर में रहकर कड़ी मेहनत एवं लगन से यह मुकाम हासिल करते हुए अपने माता.पिता सहित परिवार का नाम रोशन किया। सीए नवीन ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माताए बड़ी बहन सहित मित्रो एवं परिजनों को दिया है। नवीन ने बताया उनकी माताजी एवं बड़ी बहन ने हमेशा उन्हें भरपूर सहयोग किया जिनकी बदौलत आज वो इस मुकाम पर पहुंच पाएं है। सीए नवीन अग्रवाल की इस चमकीली सफलता से तिगड़नीया परिवार सहित पूरे नगर में हर्ष की लहर है।

### केनसरा में पाइप बिछाते समय उखड़ गई सड़क



**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम केनसरा में पीएचई विभाग द्वारा घर घर नल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन पाईप बिछाते समय न तो उसकी लेवलिंग की गई और ना ही किसी प्लंबर द्वारा जांच कराई गई। आनन फानन में गलियों को खोद दिया गया और पाईप डाल कर रख दिया गया। इस बीच बरसात आ जाने के कारण आवागमन बाधित हुआ जिसके चलते खुले पाईप को बचाने उसे पाट दिया गया। ऐसे स्थिति में गांव की सभी सडक उखड चुकी है। जिससे जगह जगह पानी भर रहा है। ग्राम वासियों के अनुसार स्कूलों में पढने वाले बच्चे काफी परेशान हो रहे हैं।

### मुरलीधरानंद स्वामी आश्रम में मना गुरूपर्व



**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र की जनपद अध्यक्ष श्रीमती हेमलता हरिशंकर चौहान, क्षेत्रीय बीडीसी भाग्यश्री दिनेश चौहान समेत अन्य लोगों ने ग्राम बाघाडोला में स्थापित गुरूजी मुरलीधरानंद स्वामी के आश्रम जाकर पवित्र गुरू पुर्णिमा के अवसर पर उनका चरण वंदन कर उनसे आशीष लिया। वहीं आश्रम में पौधरोपण भी किए गए।

---

## नया सिस्टम लागू, स्कैनिंग जरूरी नहीं पर डिपो में अब भी लंबा इंतजार

# स्कैनिंग गई, सुस्ती नहीं गई, डिपो से किताब लेने में अब भी घंटों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पाठ्य पुस्तक वितरण प्रणाली में सुधार के दावे के बावजूद ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। एक ओर जहां स्कैनिंग की बाध्यता खत्म कर स्कूलों को राहत देने की बात कही गई है, वहीं दूसरी ओर रायगढ़ के कबीर चौक स्थित बुक डिपो में अब भी घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

एक हफ्ते पहले तक स्कूल प्रबंधन को प्रत्येक किताब को स्कैन कर ले जाना होता थाए जिससे 1000 किताबें उठाने में 3 से 4 घंटे लगते थे। इस व्यवस्था को लेकर विरोध हुआए जिसके बाद पाठ्य पुस्तक निगम ने प्रदेश स्तर से स्कैनिंग की बाध्यता हटाते हुए नई व्यवस्था लागू की। अब स्कूलों को डिपो से किताबें सीधे ले जाने की अनुमति है, बशर्ते वे 7 दिनों के भीतर ऐप में क्यू आर कोड स्कैन कर डेटा अपलोड करें। इससे किताब वितरण की प्रक्रिया को तेज़ और सरल बनाने का दावा किया गया था। लेकिन हकीकत यह है कि स्कूल प्रबंधन को अब भी बुक डिपो में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कभी डिपो में पर्याप्त स्टाफ नहीं होता, तो कभी लोडिंग की गति धीमी रहती है। कतारों में खड़े स्कूल प्रतिनिधि बताते हैं कि अब भले ही स्कैनिंग न करनी पड़े, लेकिन किताबें लेने में पहले जितना ही वक्त लग रहा है। डिपो में अव्यवस्थाए स्टाफ की कमी और समय पर स्लॉट न मिलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। स्कूल प्रतिनिधियों का कहना है कि सुविधा देने का दावा तो किया गयाए लेकिन ज़मीनी अमल में वो असर नहीं दिख रहा।

### व्यवस्था के खिलाफ उठी थी आवाज

पुस्तक वितरण में देरी होती थी। इसलिए इस व्यवस्था के खिलाफ उठी आवाज के बाद पाठ्य पुस्तक निगम ने बड़ी राहत देते हुए प्रदेश स्तर पर नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब स्कूल प्रबंधन को बुक डिपो से किताबें उठाने के दौरान स्कैनिंग नहीं करनी होगी। इसके बजायए किताबें प्राप्त करने के एक हफ्ते के भीतर उनके पीछे छपे क्यूआर कोड को स्कैन कर टीबीसी ऐप में डेटा अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। इस नए बदलाव से न केवल स्कूलों को किताबों को सही समय में भेजने का दावा किया गया था, बल्कि डिपो में भी भीड़भाड़ और अव्यवस्था कम करने का तर्क था। लेकिन इस व्यवस्था में फिलहाल कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### स्लॉट आधारित वितरण की उठ रही मांग

शिक्षकों और प्राचार्यों की मांग है कि वितरण व्यवस्था को स्लॉट बेस्ड बनाया जाए, जहां हर स्कूल को एक निश्चित समय दिया जाए। इससे भीड़ कम होगी और डिपो में लंबी कतारें लगने से बचा जा सकेगा। दूसरी तरफ स्कूलों के प्रतिनिधियों का ये भी कहना है कि बुक वितरण में पुरानी व्यवस्था लागू होनी चाहिए। पूर्व के सालों में संकुलों से किताबों का वितरण होता था।

### पुरानी व्यवस्था में था स्कैनिंग का झंझट

अब से लगभग एक सप्ताह पहले तक स्कूलों को डिपो से किताबें लेते वक्त हर एक किताब के पीछे छपे क्यूआर को स्कैन करना अनिवार्य था। यह प्रक्रिया न केवल समय लेने वाली थी, बल्कि तकनीकी अड़चनों के कारण डिपो पर भीड़ भी बढ़ जाती थी। एक शिक्षक को 1000 किताबें उठाने में औसतन तीन से चार घंटे का समय लग रहा था। लेकिन अब भी मुश्किल आसान नहीं हो सकी है। स्कूल के प्रतिनिध सुबह से देर रात तक जहमत करते देखे जाते हैं। तब आखिर में उन्हें किताबें मिल पाती हैं।

### सितम्बर में तिमाही परीक्षा अब तक किताब नहीं

शिक्षक वर्ग का कहना है कि गर्मी की छुट्टियों के बाद जैसे ही स्कूल खुलेए किताबों की डिमांड बढ़ी। लेकिन वितरण में देरी से बच्चों को शुरुआती दिनों में पढ़ाई की सामग्री ही नहीं मिल पा रही है। शासन भले डिजिटल मॉनिटरिंग की बात करता हैए पर डिपो में काम अब भी मैनुअल रफ्तार से ही हो रहा है। जिससे छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाएंगे। जुलाई के बाद सितम्बर में तिमाही परीक्षा होनी है। जबकि स्कूलों में अभी तक किताब नहीं पहुंच सके हैं। ऐसे में बच्चे क्या तैयारी कर पाएंगे।

---



फायरिंग रेंज में स्वयं किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण को बताया पुलिस का सामाजिक दायित्व

## आईजी ने की रायगढ़ पुलिस के पौधरोपण अभियान की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ.संजीव शुक्ला ने शुक्रवार को रायगढ़ दौरे के दौरान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में रायगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान की सराहना की। उन्होंने उर्दना स्थित पुलिस फायरिंग रेंज परिसर का निरीक्षण किया और वहां स्वयं एक पौधा रोपित कर अभियान में सहभागिता दर्ज कराई।

इससे पहले उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के राजपत्रित अधिकारियों, थाना चौकी प्रभारियों के साथ कानून व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इसके पश्चात वे सीधे फायरिंग रेंज पहुंचेए जहां उन्हें वृक्षारोपण अभियान और संरक्षण कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि लगभग 4.5 एकड़ क्षेत्र में फैले इस फायरिंग रेंज को सबसे पहले चारों ओर से सुरक्षित घेरा गया है। मवेशियों से पौधों की सुरक्षा के लिए परिधि में खुदाई कर मजबूत मेड़ बनाई गई है और सभी पौधों को टी.गार्ड से संरक्षित किया गया है। वर्तमान मानसून सीजन में अब तक यहां 800 से अधिक छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया जा चुका है।

### अनुकरणीय पहल

आईजी डॉ. शुक्ला ने वृक्षारोपण स्थल का अवलोकन करते हुए कहा कि यह अभियान न सिर्फ पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता दर्शाता है बल्कि पुलिस विभाग के सामाजिक उत्तरदायित्व की उत्कृष्ट मिसाल भी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास न सिर्फ हरियाली बढ़ाते हैं, बल्कि समाज को भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने फायरिंग रेंज परिसर में एक पौधा रोपकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई और उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को भी नियमित पौधों की देखभाल की अपील की।

---

## रायगढ़ में उर्वरक माफिया बेनकाब 6 दुकानों में बिक्री पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में इस साल डीएपी और एनपीके जैसे प्रमुख उर्वरकों की आपूर्ति में कमी से किसानों को परेशानी हो रही है। राज्य शासन द्वारा उर्वरक आपूर्ति की निगरानी के निर्देश के बाद कृषि विभाग ने जिले के प्रमुख थोक और खुदरा विक्रेताओं पर सघन जांच अभियान चलाया। गुरुवार को खरसिया स्थित मेसर्स हरिराम सुल्तानिया फर्म में बड़ी मात्रा में अनियमित भंडारण पाए जाने पर विक्रय पर तत्काल रोक लगा दी गई है।

जिला एवं ब्लॉक स्तरीय उर्वरक निरीक्षण टीम ने जब सुल्तानिया फर्म के स्टॉक और पीओएस मशीन की एंट्री का मिलान कियाए तो यूरिया, एसएसपी, एनपीके सहित विभिन्न उर्वरकों का भंडार घोषित मात्रा से कहीं अधिक पाया गया। संचालक किशन सुल्तानिया अतिरिक्त स्टॉक के स्रोत और दस्तावेज नहीं दिखा सके। जांच टीम ने उर्वरकों के विक्रय पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगा दिया है। यदि 21 दिन में नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलाए तो फर्म का लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। जांच दल में नोडल अधिकारी एचके भगत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एनपी सिदार, उर्वरक निरीक्षक जन्मेजय पटेल, नृपराज डनसेना एवं पुरुषोत्तम चौधरी शामिल थे।

### इन उर्वरक विक्रेताओं के यहां मिली गड़बड़ी

अग्रवाल खाद भंडार, पुसौर गुप्ता कृषि केंद्र पत्थलगांव खुर्द धरमजयगढ़, श्याम खाद भंडार शाहपुर धरमजयगढ़, नवीन कृषि केंद्र धरमजयगढ़, डनसेना कृषि सेवा केंद्र सिसरिंगा धरमजयगढ़। इनमें से डनसेना कृषि सेवा केंद्र में सबसे गंभीर गड़बड़ी पाई गई, जिसके खिलाफ लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। बाकी फर्मों को भी विक्रय से प्रतिबंधित कर नोटिस जारी किया गया है।

### राज्य शासन के निर्देश सख्त

कृषि विभाग का कहना है कि राज्य शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसानों को उर्वरक की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। समितियों के माध्यम से समय पर भंडारण और वितरण की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन निजी विक्रेताओं की मनमानी व्यवस्था में बाधा बन रही है।

---

# मेडिकल कॉलेज की जमीन लापता, अतिक्रमण

## रायगढ़ में मेडिकल कॉलेज की जमीन में 60 में से 21 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ में स्थापित स्वण लखीराम अग्रवाल मेमोरियल मेडिकल कॉलेज की जमीन को लेकर भारी विवाद और लापरवाही सामने आ रही है। मेडिकल कॉलेज को वर्षों पहले सरकार ने करीब 60.31 एकड़ भूमि आवंटित की थी, लेकिन आज भी 21.45 एकड़ ज़मीन प्रबंधन को हस्तांतरित नहीं हो सकी है। वर्तमान परिस्थिति ये है कि वहां पर सीमांकन अधूरा, कब्जा कायम और अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है।

ऐसे में मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आवश्यक विस्तार असंभव होता जा रहा है। ज़मीन बचाने के नाम पर राजस्व विभाग और प्रशासन सिर्फ कागजी खानापूर्ति में उलझे हैंए जबकि भू.माफिया सत्ता संरक्षण में सरकारी ज़मीन पर अपना साम्राज्य फैला चुके हैं। रायगढ़ में सत्ता के संरक्षण में कई भूमाफिया सरकारी जमीनें धड़ल्ले से बेच रहे हैं। स्वण लखीराम अग्रवाल मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के आसपास की जमीन पर अतिक्रमण तेजी से हो रहा है। कॉलेज को जमीन कम पड़ रही हैए लेकिन आवंटित भूमि अब तक नहीं मिल सकी है। बेंद्राचुआं में पहाड़ के किनारे मिली जमीन का सीमांकन करने में भी राजस्व विभाग नाकाम हो चुका है। कॉलेज प्रबंधन की लचर कार्यशैली भी इसके लिए जिम्मेदार है। कॉलेज में कई तरह के निर्माण के लिए आवंटित जमीन चाहिए। पूर्व में जितनी भूमि प्रशासन ने दी थी, उस पर निर्माण हो चुके हैं। अब बाकी जमीन को ढूंढने के लिए सीमांकन जरूरी है। मेडिकल कॉलेज के लिए कम से कम सौ एकड़ जमीन की जरूरत थी। लेकिन गलत लोकेशन



मेडिकल कॉलेज को करीब 40 एकड़ जमीन का आवंटन हुआ था। वर्तमान में जमीन का डिमार्केशन चालू है। यह प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रबन्धन को जमीन दी जाएगी।
**महेश शर्मा**
एसडीएम रायगढ़ ।

### 60 में से केवल 38.86 एकड़ ही प्रबंधन के पास

राज्य शासन द्वारा मेडिकल कॉलेज के लिए अलग-अलग स्थानों में कुल 60.31 एकड़ ज़मीन आवंटित की गई थी। लेकिन अब तक कॉलेज को केवल 38.86 एकड़ ज़मीन पर ही कब्ज़ा मिल पाया है। बाकी की जमीन या तो सीमांकन के पचड़े में उलझी है या फिर स्थानीय कब्जेदारों और अवैध निर्माणों के कारण अधिग्रहण से बाहर हो चुकी है।

### मेडिकल कॉलेज के 100 एकड़ जमीन की जरूरत थी

मेडिकल कॉलेज को सात खसरा नंबरों के 16.186 हेक्टेयर जमीन आवंटित की गई जिस पर कॉलेज बिल्डिंग, हॉस्पिटल, हॉस्टल, डीन बंगला, ऑडिटोरियम आदि बनाया गया। जब रायगढ़ के बड़े अतरमुड़ा, बेंद्राचुआं क्षेत्र में पहाड़ के ऊपर मेडिकल कॉलेज बनाने का प्रस्ताव बना तो किसी ने ड्रॉइंग.डिजाइन या प्रस्तावित भूमि पर सवाल नहीं उठाए। मेडिकल कॉलेज के लिए कम से कम सौ एकड़ जमीन की जरूरत थी लेकिन गलत लोकेशन के कारण सरकारी जमीन कम पड़ गई।

### प्रबंधन नहीं भूमाफिया के कब्जे में जमीन

कॉलेज के चारों तरफ तेजी से बढ़ रहा अतिक्रमण आज सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। हॉस्पिटल भवन के सामने पहले छोटा मंदिर बनाए जिसे अब बढ़ाकर स्थायी संरचना में बदल दिया गया है। मंदिर के आसपास दुकानें और मकान भी खड़े हो गए हैं। इसी तरह पूरे परिसर के आसपास कब्जे बढ़ते जा रहे हैं। जिसपर फिलहाल राजस्व विभाग चुप है।

### अतिक्रमण भी हटाने में नाकाम

पिछली बार सौ बिस्तर अस्पताल के आसपास जमीन का सीमांकन हुआ था। वहां सरकारी जमीन पर एक बस्ती बसा दी गई है। हॉस्पिटल की दीवार से सटकर निर्माण हो चुके हैं। हॉस्पिटल बिल्डिंग के सामने भी मंदिर बनाकर अतिक्रमण किया जा चुका है। पहले छोटा मंदिर बनाया गया और अब उसे ज्यादा जगह घेरकर बनाया जा रहा है। अब यहां कई दुकानें बन चुकी हैं।

---

# पुलिस के अभियान को व्यापारियों का मिल रहा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सीसीटीवी जागरूकता अभियान को शहर के व्यापारियों का समर्थन मिल रहा है। जूटमिल क्षेत्र निवासी व्यवसायी संदीप अग्रवाल ने कबीर चौक स्थित अपने परिधान प्रतिष्ठान में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, जिनमें से दो कैमरे सड़क की दिशा में फोकस किए गए हैं। संदीप अग्रवाल ने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया




और जूटमिल थाना प्रभारी प्रशांत राव से इस अभियान की जानकारी मिली थी। सार्वजनिक निगरानी के उद्देश्य से उन्होंने कैमरे लगाए हैं, जो असामाजिक गतिविधियों पर नजर रखने में मददगार साबित होंगे। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि वे भी अपने प्रतिष्ठानों के बाहर कैमरे लगाकर सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करें। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन में चल रहे इस अभियान को व्यापारियों और नागरिकों का अच्छा सहयोग मिल रहा है।

## सरपंच संघ तमनार की बैठक

**तमनार।** सरपंच संघ तमनार द्वारा 11 जुलाई शुक्रवार को तमनार में अध्यक्ष श्यामकुमार राठिया, गुलापी सिदार, शिवपाल भगत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। जनपद पंचायत तमनार के समस्त ग्राम पंचायत में डीएमएफ से स्थानीय पंचायतों में विकास निर्माण कार्य करने, 14 ग्राम पंचायत में आवास प्लस काम पर रोक लगाने से हितग्राही को आवास प्लस से वंचित होने, ग्राम पंचायत सरईटोला आश्रित ग्राम मुडागाँव के नाम से 08/10/2022 कों जयशंकर राठिया के अध्यक्षता में फर्जी ग्राम सभा का प्रस्ताव महाजेनको द्वारा एवं अधिकारियों के मनमानी पर रोक लगाने संबंधी विषयो पर चर्चा परिचर्चा की गई। सरपंच संघ तमनार द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लेकर कलेक्टर रायगढ़ जनदर्शन में आवेदन देने निर्णय लिया गया।

---

## छुहीपाली में माध्यमिक शाला का हाल बेहाल, सामुदायिक भवन में लग रही तीन कक्षाएं

# स्कूल की छत से टपक रहा पानी, दीवार में दरार, खतरे में बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ पूर्वांचल के ग्राम पंचायत छुहीपाली स्थित शासकीय माध्यमिक शाला अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। छठवीं से आठवीं तक की कक्षाएं अब महज़ सामुदायिक भवन के एक कमरे में संचालित हो रही हैं। स्कूल की छत से लगातार पानी टपक रहा है और दीवारें भी दरक चुकी हैं।

जहां शिक्षा को बच्चों का मौलिक अधिकार बताया गया है, वहीं छुहीपाली गांव में यह अधिकार खतरे में नज़र आ रहा है। तीन कक्षाएं सामुदायिक भवन के एक कमरे में चल रही हैं, जहां ना पर्याप्त रोशनी है ना हवा और ना ही बैठने की समुचित व्यवस्था। स्थिति इतनी गंभीर है कि बच्चों की पढ़ाई से ज़्यादा उनकी सुरक्षा अब प्राथमिक चिंता बन गई है। पिछले चार साल पूर्व ही शाला भवन को जर्जर घोषित कर अन्यत्र संचालित करने का निर्देश शिक्षा विभाग ने दे तो दिया, लेकिन आज तक नए भवन की स्वीकृति नहीं दी गई। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल भवन की मरम्मत की मांग वर्षों से लंबित है। कई बार ग्रामसभा में प्रस्ताव भी रखा गया, लेकिन सरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जबकि शिक्षा विभाग के अफसरों द्वारा निरीक्षण के बाद मरम्मत की बात स्वीकार की गई थी, फिर भी आज तक कोई कार्य शुरू नहीं हुआ।





### शिक्षक भी हैं मजबूर

विद्यालय में पदस्थ शिक्षक चिंतित हैं। एक शिक्षक ने बताया कि एक कमरे में तीन कक्षाओं को पढ़ाना संभव नहीं है। यहां वर्तमान में 35 छात्र छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं। एक प्रधान पाठक सहित चार शिक्षक पदस्थ हैं। शोर, भीड़ और जगह की कमी के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना तो दूर, बच्चों को सुरक्षित रखना ही चुनौती बन गया है।

### स्वीकृत राशि हो गई लैप्स

कांग्रेस सरकार के समय भवन निर्माण के लिए करीब 5 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे, लेकिन वह भी लैप्स हो गया और निर्माण नहीं हो सका। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि राशि बहुत ही कम होने के कारण निर्माण कार्य लेने में कोई सहमत नहीं हुए। गांव के लोगों ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है कि स्कूल भवन का तत्काल पुनर्निर्माण कराया जाए और बच्चों की पढ़ाई एवं सुरक्षा दोनों सुनिश्चित की जाए।

खबर संक्षेप

## विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव



**जशपुरनगर।** विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलदुला में मुख्य अतिथि कौशल्या साय एवं अध्यक्षता शौर्य प्रताप सिंह जूदेव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। नव प्रवेशी बच्चों का तिलक चंदन लगाकर एवं मुंह मीठा करवा कर स्वागत किया गया व निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश व सरस्वती साइकिल का वितरण किया गया। विद्यालय परिसर में कौशल्या साय व शौर्य प्रताप सिंह जूदेव द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सभी जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि, अभिभावक, जनपद सीईओ, तहसीलदार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, प्राचार्य, शिक्षक गण, विद्यार्थी व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिले में अब तक 4608.8 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 4608.8 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 11 जुलाई तक की स्थिति में 2991.8 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 126.5 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 472.6 मिमी, मनोरा में 575.4 मिमी, कुनकुरी में 630.2 मिमी, दुलदुला में 305.5 मिमी, फरसाबहार में 426.7 मिमी, बगीचा में 455.3 मिमी, कांसाबेल में 483.5 मिमी, पत्थलगांव में 392.6 मिमी, सन्ना में 516.6 मिमी एवं बागबहार में 350.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

## रोजगार पंजीयन के लिए लिंक कराना अनिवार्य

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 2024 से पूर्व रोजगार पंजीकृत समस्त आवेदक स्वयं का आधार कार्ड एवं मोबाईल नम्बर को रोजगार पंजीयन में लिंक करवाना अनिवार्य है। आवेदक इस हेतु वेबसाईट पर उपलब्ध छत्तीसगढ़ रोजगार एप अथवा कार्यालयीन समय में रोजगार कार्यालय में आ कर करवा सकते है।

## मत्स्य बीज उत्पादन शुरू

**जशपुरनगर।** मछली पालन विभाग के महत्वपूर्ण योजना के तहत मत्स्य बीज उत्पादन कार्य जिले में शुरू हो गया है। इस वर्ष मछली पालन विभाग को 950 लाख स्पान उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें 659 लाख स्पान उत्पादन कर लिया गया है एवं 135 लाख स्टैण्ड फ्राई उत्पादन का लक्ष्य प्रगति पर है। जिले में मत्स्य पालन से जुड़े हुए चयनित 28 अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को मौसमी तालाबों में स्पॉन संवर्धन योजनांतर्गत विभाग के द्वारा निःशुल्क मत्स्य बीज स्पॉन, सरसों खली एवं जाल प्रदाय किया जा रहा है। जिले के इन तीनों शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बघिमा में स्पान 650 रू. प्रति लाख, स्टैण्ड फ्राई-फिंगरलिंग 50 प्रतिशत अनुदान में 4000 रूपए का मत्स्य बीज लेने पर 2000 रूपए का हितग्राही को छूट दिया जावेगा। शासकीय मत्स्य बीज संवर्धन प्रक्षेत्र मटासी, कुनकुरी एवं शासकीय मत्स्य बीज संवर्धन प्रक्षेत्र पालीडीह, पत्थलगांव में स्टैण्ड फाई व फिंगरलिंग जिले के मत्स्य कृषकों को वितरण व विक्रय किया जा रहा है।

## कमीशन के लिए साइबर ठगों को उपलब्ध कराया खाता

**अंबिकापुर।** साइबर ठगी के मामले में रामानुजगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कमीशन की लालच में बैंक खाता खुलवाकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराया। आरोपी द्वारा उपलब्ध कराए गए खाते में 20 लाख रूपए से अधिक का अवैध ट्रांजैक्शन हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम धमनी निवासी 20 वर्षीय संदीप सिंह आ.राजा सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वर्ष 2023 में एक प्रचार एड देखने के दौरान उसने अपना मोबाइल नम्बर उस एड में पंजीकृत किया था।

### कर्तव्यों में घोर लापरवाही बरतने के कारण हुई कार्रवाई

# बालक आश्रम छात्रावास बगिया के प्रभारी अधीक्षक व अन्य निलंबित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर**

कलेक्टर रोहित व्यास ने ठाकुर दयाल सिंह, शिक्षक (एलबी), प्रभारी अधीक्षक, शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम, बगिया, विकास खण्ड-कांसाबेल, जिला-जशपुर (छग) (मूल पदस्थापना- पूर्व माध्यमिक शाला, शब्दमुण्डा, विकास खण्ड-कांसाबेल) के द्वारा कक्षा तीसरी में अध्ययनरत छात्र अमृत साय के सर्प दंश की सूचना उच्चाधिकारियों को विलम्ब से दिया गया।

परिसर की देख-रेख करने में लापरवाही बरती गई। नियमित रूप से परिसर की साफ-सफाई नहीं कराई गई। छात्र के ईलाज में देरी की गई जिसके कारण छात्र का निधन हो गया। अतः कर्त्तव्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरते जाने के आरोप में छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1) (क) के तहत श्री ठाकुर दयाल सिंह, शिक्षक (एलबी), प्रभारी अधीक्षक, शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम, बगिया, विकास खण्ड-कांसाबेल, जिला-जशपुर (छग) को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री ठाकुर दयाल सिंह को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा इनका मुख्यालय कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, कांसाबेल, जिला-जशपुर (छ.ग.) निर्धारित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### सांप काटने से छात्र की मौत के मामले पर की गई कार्रवाई

### कांसाबेल के प्रभारी मंडल संयोजक को नोटिस

कलेक्टर रोहित व्यास ने फकीर राम यादव प्रभारी मण्डल संयोजक, विकास खण्ड-कांसाबेल, जिला-जशपुर (छग) को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। पत्र में उल्लेख है कि ग्रीष्म ऋतु के पश्चात दिनांक 15.06.2025 से विभागीय छात्रावास व आश्रमों का संचालन किया जा रहा है। वर्षा ऋतु प्रारंभ हो चुकी है, फलस्वरूप छात्रावास-आश्रमों के आस-पास जहरीले जीव-जन्तु घुमते रहने की संभावना रहती है। अनुसूचित जनजाति आश्रम, बगिया का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें आश्रम की खिड़कियों का कांच टूटा हुआ पाया गया। आश्रम परिसर के बाउण्ड्री के किनारे लंबी घांस एवं झाड़ी पायी गई, जिसकी नियमित कटाई-छंटाई नहीं होना पाया गया है। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि आश्रम में निवासरत समस्त छात्रों के बिस्तरों के नीचे साफ-सफाई 03-04 दिनों से नहीं की गई। अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम, बगिया की नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं होने के कारण दिनांक 08.07.2025 को आश्रम में निवासरत कक्षा तीसरी के विद्यार्थी अमृत साय को सांप के काटने से मृत्यु हो गई, जिसकी सूचना आपके द्वारा अपने उच्चाधिकारियों को समय पर नहीं दी गई। आप विकास खण्ड कांसाबेल के प्रभारी मण्डल संयोजक का कार्य सम्पादन कर रहे हैं। उपरोक्त उल्लेखित स्थिति से यह स्पष्ट होता है कि आपके द्वारा नियमित रूप से छात्रावास-आश्रमों का निरीक्षण नहीं किया जाता और न ही छात्रावास आश्रमों के साफ-सफाई एवं व्यवस्था के संबंध में अधीक्षकों को निर्देश दिया जाता है। इस प्रकार आपके द्वारा अपने कर्त्तव्यों एवं दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन नहीं किया जा रहा है।

### आश्रम छात्रावास का भृत्य निलंबित

कलेक्टर रोहित व्यास ने रामकुंवर सिदार नियमित भृत्य शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम, बगिया, विकास खण्ड-कांसाबेल, जिला-जशपुर (छग) के द्वारा आश्रम परिसर की साफ-सफाई नियमित रूप से नहीं की गई, जिसके कारण सांप के घुसने का पता नहीं चल पाया और संस्था में कक्षा तीसरी में अध्ययनरत छात्र अमृत साय का सर्प दंश से निधन हो गया। अतः कर्त्तव्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरते जाने के आरोप में छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत रामकुंवर सिदार, नियमित भृत्य, शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम, बगिया, विकास खण्ड-कांसाबेल, जिला-जशपुर (छ.ग.) को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में रामकुंवर सिदार को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा इनका मुख्यालय कार्यालय मण्डल संयोजक, कांसाबेल, जिला-जशपुर (छग) निर्धारित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## मृतक छात्र के घर पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष

फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत ग्राम झारमुंडा में बीते दिनों बगिया आश्रम छात्रावास में सांप के काटने से छात्र अमृत साय की मृत्यु हो गई। इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय पीड़ित परिवार से मुलाकात करने झारमुंडा पहुंचे। उन्होंने मृतक छात्र के परिजनों को ढांढस बंधाया और शोक संवेदना व्यक्त की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि इस दुखद घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आश्रम छात्रावासों में सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर उनके साथ जिला पंचायत सदस्य श्री वेदप्रकाश भगत भी उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार को शासन की ओर से हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।



परिजन को सांत्वना देते जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय।

## ट्रैफिक पुलिस की तत्परता से बची चालक की जान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर**

जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक भारी ट्रक राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक चालक का पैर केबिन में बुरी तरह फंस गया था। ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की सूझबूझ व अथक प्रयास से उसे तीन घंटे की कठिन मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### हादसे का स्थान व कारण

घटना थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम काईकछार के पास घटी। कोलकाता से टॉवर लगाने का उपकरण लेकर अनूपपुर (मप्र) जा रहा ट्रक अचानक स्टेयरिंग जाम हो जाने के कारण अनियंत्रित होकर हाइवे से नीचे उतर गया और पलट गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि ट्रक के केबिन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, और चालक अंदर ही फंस गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।



ट्रक पलटने से सरिया में फंसा चालक का पैर।

### रेस्क्यू ऑपरेशन तीन घंटे की चुनौती

घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में सिटी कोतवाली पुलिस, ट्रैफिक पुलिस की टीम और बचावकर्मी तत्काल घटनास्थल पहुंचे। घायल ट्रक चालक, शाहबाज खान 35 वर्ष, निवासी हावड़ा, कोलकाता का पैर लोहे की सरिया में फंसा हुआ था। केबिन में जगह कम होने और ट्रक के झुके होने के कारण रेस्क्यू बेहद कठिन था। पुलिस, ट्रैफिक स्टाफ और काईकछार के ग्रामीणों ने मिलकर गैस कटर रस्सियों और औजारों की सहायता से तीन घंटे तक लगातार प्रयास करते हुए चालक को बाहर निकाला।इसके बाद घायल चालक को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर किया गया।

### मानवता की मिसाल नागरिकों की भूमिका सराहनीय

इस रेस्क्यू ऑपरेशन में प्रशासन के साथ-साथ ग्रामीणों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। बिना किसी डर के, कई स्थानीय लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर चालक को बचाने में सहयोग किया।

### इनकी रही भूमिका

जिन पुलिसकर्मियों और जवानों की प्रमुख भूमिका रही जिसमे उप निरीक्षक प्रदीप मिश्रा यातायात प्रभारी, सहायक उप निरीक्षक मनोज सिंह, आरक्षक विकास टोप्पो, आरक्षक रवि कुमार राम, नगर सैनिक रवि डनसेना।

### मदद करें, हिचकें नहीं

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि हमारी प्राथमिकता मानव जीवन की रक्षा है। इस घटना में हमारी टीम और स्थानीय लोगों ने मिलकर एक बड़ी त्रासदी को टाला है। आपकी तत्परता एक जीवन बचा सकती है।

## कटार सहित 5 नग तलवार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरेआम धारदार हथियार लहराकर लोगों में दहशत फैलाने और उन्हें जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है कि पुलिस ने आरोपियों के पास से एक कटार समेत कुल 5 नग तलवार बरामद किया है। आरोपी पूर्व में भी कई अपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है। बताया जा रहा है कि 9 जुलाई को मणिपुर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि जिला अस्पताल में दो पक्षों के बीच विवाद हो रहा है। इस दौरान पुलिस जब मौके पर पहुंची तो अतुल कश्यप नामक युवक लोहे का कटार लहराकर लोगों को जान से मारने की धमकी देकर दहशत फैला रहा था। पुलिस ने मौके से मणिपुर थाना अंतर्गत बीएसएनएल ऑफिस रोड दर्रीपारा निवासी 22 वर्षीय अतुल कुमार कश्यप उर्फ आदिनाथ कश्यप आ. काशीनाथ कश्यप को हिरासत में लेकर कटार बरामद किया। इसके साथ ही पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी के घर से 5 नग तलवार बरामद किया।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत, मर्ग कायम

**अंबिकापुर।** शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम भैरोपुर निवासी 24 वर्षीय बुधराम कुजूर आ. स्व. बीरबल कुजूर 9 जुलाई को ग्राम परसागुड़ी से वापस अपने घर लौट रहा था। इस दौरान ग्राम भदार में अज्ञात वाहन का चालक युवक की बाइक को टक्कर मारकर फरार हो गया। दुर्घटना के बाद युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को मर्च्युरी में रखवाया गया। गुरुवार को मृतक की पहचान होने के बाद पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

## ऑटो और बाइक में टक्कर, दबकर एक युवक की मौत

**बलरामपुर।** बीती रात चांदो रोड में तेज रफ्तार ऑटो और बाइक के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। टक्कर के बाद युवक ऑटो के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने दम तोड़ दिया। वहीं घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बुधवार को साप्ताहिक बाजार के बाद आधा दर्जन से अधिक लोग ऑटो क्रमांक सीजी 15 एडी 1002 में बैठकर चांदो महाराजगंज की ओर जा रहे थे। इस दौरान रात 8.30 बजे जैसे ही वे मुख्यालय से 4 किमी दूर ग्राम सरनाडीह पहुंचे सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक के चालक ने ऑटो को टक्कर मार दी।

### विधायक को सौंपा ज्ञापन, समस्या समाधान नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# खाद के बाद ऋण नहीं मिलने से किसान परेशान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा**

जिले के सबसे अधिक धान उपार्जन केंद्र कोतबा के किसानों को सुशासन में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार भारी बारिश से गर्मी में लगाये धान की फसल बर्बाद होने के बाद अब बरसात में धान की फसल लगाने के लिये खाद बीज के साथ अब किसान क्रेडिट कार्ड के तहत किसानों को ऋण नहीं मिल पाया है। इससे उन्हें आने वाले समय में खेती की चिंता हो रही है। किसानों ने कहा कि जिले की कई सहकारी समितियों से लोन किसानों के खातों में नहीं पहुंचा है, जिससे कृषि कार्य रुका हुआ है।

कोतबा उपार्जन केंद्र में के अलावा सुरंगपानी,जामझोर दो केंद्र और हैं. यहां के किसानों ने अपनी समस्या को लेकर पत्थलगांव विधायक गोमती साय, जिला



पंचायत अध्यक्ष सालिक साय को सामूहिक ज्ञापन सौंपकर तत्काल निराकरण करने की मांग की है.किसानों के मुताबिक 1 जून 2025 को तीनों समितियों से लगभग 2 करोड़ 10 लाख की ऋण अदायगी की समस्त कार्यवाही कर अभिलेख नियमानुसार अपेक्स बैंक पत्थलगांव में जमा किए गए थे। इसी बीच नया फरसाबहार में अपेक्स बैंक खुलने के कारण बिना किसानों की सहमति के पत्थलगांव ब्रांच से खातों को फरसाबहार ब्रांच में ट्रांसफर कर दिया गया। एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद ऋण समायोजन की प्रक्रिया नहीं हो पाई है। इस दौरान किसान पत्थलगांव और फरसाबहार जा जाकर परेशान हो चुके है। किसानों को कभी फरसाबहार तो कभी पत्थलगांव बैंक के बीच दौड़ाया जा रहा है, जिससे वे मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। दर्जनों किसान ऐसे हैं जिनका फसल ऋण समायोजन रुका हुआ है, जिससे उन्हें आगे की कृषि प्रक्रिया में कठिनाई हो रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से कोतबा सोसायटी के प्राधिकृत अधिकारी सुखल साय, प्रबंधक गोविंद यादव, पूर्व समिति सदस्य उमाशंकर भगत,नेहरू साहू, विजय कुमार शर्मा (जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य) मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव सुरंगपानी, पूर्व सरपंच मेतरो साय आदि उपस्थित रहे।



जान जोखिम में डालकर नदी पार करते ग्रामीण।

## दो वर्ष में नहीं बन सका बहनाटांगर का पुल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव**

ग्राम बहनाटांगर में बीते दो वर्ष में भी नहीं बन सका पुल, ग्रामीणों को जान जोखिम में डाल कर नदी पार करना पड़ रहा है। शासन से पुल बनाने की स्वीकृति मिलने के बाद भी पुलिया निर्माण नहीं हो पाना शासन-प्रशासन की कार्य प्रणाली को दर्शाता है। इस पार से उस पार जाने के लिए और कोई सुविधा नहीं होने से ग्रामीणों को भारी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है।

- लोगों को आने जाने में हो रही भारी परेशानी

ग्रामीणों की परेशानी सुनने वाले अधिकारी ही परेशानी सुनने तैयार नहीं है तब ग्रामीण अपनी परेशानी बताएं तो बताएं कहां । पत्थलगांव से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन यादव अपने किसी कार्य से ग्राम बहनाटांगर गए तो नाले से उस तरफ जाने कोई मार्ग न देखकर गांव वालों की परेशानियों से वाकिफ हुए।

इससे एक बात चरितार्थ होता दिख रहा है कि जब सबन्धित विभाग के अधिकारी एवं अन्य प्रशासन के अधिकारी जब गांव वालों की मजबूरी और परेशानी को समझने में नाकाम हो जाये तब ग्राम वासी अपनी ब्यथा किसके पास लेकर जाए। अनेक बार नाला के ऊपर आने जाने के लिए कोई मार्ग नही होने के समाचार प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई पर अब तक किसी तरह का समाधान नहीं निकाला गया। पत्थलगांव शहर से मात्र 10 से 12 किलोमीटर की दूरी में स्थित ग्राम बहनाटांगर का नाला भारी बारिश में अपने उफान पर है। अब देखना होगा कि प्रशासन कब सक्रिय होकर ग्रामीणों के लिए बेहतर व्यवस्था देने में कामयाब हो पाता है।

## ट्रेन हादसे में मृतक का शव पहुंचा गृह ग्राम

**जशपुरनगर।** ट्रेन हादसे से जान गंवाने वाले युवक नवरतन राम का शव आखिरकार उनके गृह ग्राम चटकपुर पहुंच गया। शव पहुंचने से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

21 वर्षीय नवरतन राम, पिता बिहारी राम का निधन आंध्रप्रदेश के गुडूर रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में हो गया था। शव को लाने में शुरुआत में परिजनों को कठिनाई हो रही थी, जिसके बाद उन्होंने सीएम कैंप कार्यालय बगिया में गुहार लगाई। परिजनों की मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कैंप कार्यालय से आवश्यक निर्देश जारी किए गए। सीएम कैंप कार्यालय के निर्देश के बाद कलेक्टर रोहित व्यास ने तत्परता दिखाई और आवश्यक समन्वय कर शव वाहन की व्यवस्था कराई गई। और आज तड़के सुबह नवरतन राम का शव गुडूर, आंध्रप्रदेश से उनके गांव चटकपुर पहुंचा। मृतक के अंतिम



एंबुलेंस से शव उतारते परिजन।

- परिजनों ने सीएम कैंप कार्यालय बगिया से लगाई थी गुहार

दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन जुटे रहे। पूरे गांव में गमगीन माहौल देखा गया। परिवार ने शोक संतप्त हृदय से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रशासन का आभार जताया, जिनके प्रयासों से शव समय पर गांव पहुंच सका।

## महिला से छेड़छाड़,आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** जिले के थाना बगीचा क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा को चुनौती देने वाली एक गंभीर घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 19 वर्षीय आरोपी अमरजीत भगत को एक 35 वर्षीय महिला से रात्रि में छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

10 जुलाई की रात लगभग 1:30 बजे की घटना है। बगीचा क्षेत्र की निवासी एक 35 वर्षीय महिला ने थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह घर में अपने ससुर के साथ रहती है, जबकि उसके पति बाहर नौकरी करते हैं। उसी रात जब वह गहरी नींद में थी तब उसे महसूस हुआ कि कोई उसके अंतःवस्त्र की डोरी खोलने का प्रयास कर रहा है। जागने पर उसने देखा कि एक युवक कमरे में खड़ा है। डर और घबराहट में वह चिल्लाते हुए कमरे से बाहर निकली। बाद में पता चला कि आरोपी खाट के नीचे छिपा हुआ था। पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया कि आरोपी अमरजीत भगत पहले भी दो बार घर में घुसकर उसे बदनाम करने की कोशिश कर चुका है। इस बात की शिकायत गांव के पंचों से की गई थी, जिन्होंने आरोपी को समझाइश दी थी। बावजूद इसके, आरोपी ने फिर से यह दुस्साहसिक हरकत की है। पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर थाना बगीचा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 एवं 332(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना शुरू की। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चंद घंटों में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, तथा पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।इस मामले की जांच और गिरफ्तारी में थाना प्रभारी संतलाल आयाम, सहायक उप निरीक्षक बैजन्ती किंडो, आरक्षक मुकेश पांडे तथा नगर सैनिक विनोद कुजूर की भूमिका रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने घटना पर कहा कि महिलाओं के प्रति होने वाले किसी भी अपराध को लेकर पुलिस संवेदनशील और सतर्क है। इस मामले में पुलिस ने बेहद तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़कर जेल भेजा है।



# बॉर्डर 2 के सेट से सामने आया दिलजीत का वीडियो

**मुंबई।** पंजाबी गायक और अभिनेता इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडयो शेयर किया है, जिसमें वह झूम रहे हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में शाहरुख खान का एक गाना 'मेरे महबूब मेरे सनम' बज रहा है। वीडियो पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। दिलजीत दोसांझ 'बॉर्डर 2' के सेट पर काफी खुश दिखे। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा है 'बहुत अच्छा स्टाइल है।' एक यूजर ने लिखा है 'पा जी आप ग्रेट हो।' उड़ता पंजाब के अभिनेता अपनी अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 के सेट से अक्सर अपनी वीडियो शेयर करते रहते हैं। कल भी उन्होंने सेट से एक वीडियो शेयर किया था।



लाइफ Style

# मोनालिसा

## बिग बॉस 19 में आ सकती हैं नजर

महाकुंभ मेले में माला बेचने आई मोनालिसा रातों-रात सोशल मीडिया स्टार बन गई और अब तो उनका बॉलीवुड डेब्यू भी हो गया हैं। हाल ही में उनका उत्कर्ष सिंह के साथ एक म्यूजिक वीडियो रिलीज हुआ।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब मोनालिसा इससे आगे बढ़ते हुए सलमान खान के मोस्ट पॉपुलर शो बिग बॉस के घर में एंट्री करना चाहती हैं। मोनालिसा का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया हैं। इस वीडियो में वह ब्लैक कलर का अनारकली सूट पहने बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। इस बीच जब उनसे पूछा गया कि आपको बिग बॉस में जाने का मौका मिलेगा, तो क्या आप जाएंगी? इस पर मोनालिसा ने तुरंत रिएक्शन देते हुए कहा हां जरूर, मैं जाऊंगी। हालांकि, अभी तक इस बात पर शो की तरफ से कोई पुष्टि नहीं हुई है कि मोनालिसा इस शो का हिस्सा होगी या नहीं।


सोशल मीडिया पर मोनालिसा का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा हैं और यूजर्स भी कमेंट कर रहे हैं कि हम आपको बिग बॉस में देखने के लिए एक्साइटेड हैं। खतरों के खिलाड़ी पोस्टपोन होने के बाद बिग बॉस-19 इस बार जल्दी टेलीकास्ट किया जाएगा, मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अगस्त के आखिरी में 29 या 30 अगस्त के वीकेंड में इसके प्रीमियर होने की उम्मीद है। इस बार का बिग बॉस सबसे लंबा चलेगा, जो कि 5 महीने का होगा. हालांकि, शो के प्रीमियर को लेकर अभी तक कोई कंफर्मेशन नहीं आई है।

हॉलीवुड मसाला




# डूम्सडे से सामने आई नई तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस को 'एवेंजर्स' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार है। मार्वल स्टूडियो के लिए भी यह फिल्म बहुत मायने रखती है, क्योंकि 2019 में 'एवेंजर्सः एंडगेम' के बाद से एमसीयू की किसी भी फिल्म ने वो सफलता नहीं पाई है, जिसकी इससे उम्मीद रहती है। 'डूम्सडे' जहां 2026 में रिलीज होगी, वहीं उससे पहले 25 जुलाई को 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स भी आ रही है।



# सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री बनीं...

**नई दिल्ली।** जुरासिक वर्ल्ड फ्रेंचाइजी और यूनिवर्सल पिक्चर्स इंडिया की लेटेस्ट फिल्म 'जुरासिक वर्ल्डः रीबर्थ' ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाकर रख दी है। एक बार फिर डायनासोर की दुनिया में दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच लाने में कामयाबी हासिल की है। 'जुरासिक वर्ल्डः रीबर्थ' ने रिलीज के आठ दिन के अंदर 349 मिलियन डॉलर (लगभग 2989 करोड़ रुपए) का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म की लीड एक्ट्रेस स्कारलेट योहानसन ने हॉलीवुड की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री का खिताब भी अपने नाम कर लिया है। 40 वर्षीय स्कारलेट जोहानसन ने इस फिल्म में जोरा बेनेट की भूमिका निभाई है, जिसके जरिये उनकी जुरासिक फ्रैंचाइजी में एंट्री हुई है। उनकी फिल्मों की कुल कमाई ने उन्हें हॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्री बनाया है।



# धनुष ने शुरू की फिल्म डी54 की शूटिंग

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार धनुष काफी दिनों से व्यस्त चल रहे हैं। वह हाल ही में फिल्म 'कुबेर' में नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की है। उन्होंने हाल ही में बॉलीवुड की फिल्म 'तेरे इश्क में' की शूटिंग पूरी की है। अब उन्होंने तमिल फिल्म 'डी54' की शूटिंग शुरू कर दी है। पोर थोझिल फेम विग्नेश राजा फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी है। मेकर्स ने इसका ऐलान एक पोस्टर शेयर करके किया। पोस्टर में देखा जा सकता है कि धनुष गमगीन हालत में एक झुलसे हुए कपास के खेत में खड़े हैं। उनके पीछे आग की लपटें उठ रही हैं। विग्नेश राजा ने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला लुक साझा करते हुए लिखा 'अपनी दूसरी फीचर फिल्म का एलान करते हुए खुशी हो रही है।



# रोल निभाने के लिए छोड़ा जंक फूड व शराब

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म बैटल ऑफ गलवां को लेकर सुर्खियों में हैं। वह अपनी फिल्म के लिए खूब मेहनत कर रहे हैं। फिल्म में सलमान खान सोल्जर का किरदार निभाने के लिए अपने ऊपर काफी मेहनत कर रहे हैं। सलमान खान ने एक सोल्जर के किरदार में ढलने के लिए एक निजी ट्रेनर रखा है। बताया जाता है कि सलमान खान ने शराब का सेवन पूरी तरह से बंद कर दिया है और कार्बोहाइड्रेट का सेवन भी काफी कम कर दिया है। सलमान खान ने सिकंदर फिल्म से काफी सबक लिया है। अब वह अपनी फिटनेस को लेकर बहुत सतर्क हैं। ऐसे में वह अपना वजन कम करने और आकर्षक दिखने के लिए मेहनत कर रहे हैं। सलमान खान के वर्कआउट में वेट ट्रेनिंग और दौड़ना शामिल है।

टीवी मसाला





# टीवी के ये शोज रहे आइकॉनिक आज भी जादू बरकरार

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन इंडस्ट्री में कुछ शोज ऐसे रहे हैं, जिनका जादू वर्षों बाद भी बरकरार है। उनमें से एक है 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी', जो साल 2000 में लॉन्च हुआ था और स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय की जोड़ी को घर-घर में पहचान मिली थी। अब जब इस शो की वापसी का ऐलान हो चुका है और नया सीजन 29 जुलाई से टेलीकास्ट होने जा रहा है, तो आइए नजर डालते हैं उन दूसरे आइकॉनिक सीरियल्स पर जो आज भी दर्शकों की यादों में जिंदा हैं। कहानी घर-घर की में पार्वती और ओम अग्रवाल की इस पारिवारिक कहानी ने उस दौर में हर घर का हिस्सा बन गई थी। साक्षी तंवर ने पार्वती के रूप में एक मजबूत, संस्कारी और दमदार महिला के तौर पर पहचान बनाई। शो ने पारिवारिक मूल्यों को बखूबी दर्शाया और आज भी इसके दोबारा लौटने की चर्चाएं होती रहती हैं। कसौटी जिंदगी की में प्रेरणा और अनुराग की प्रेम कहानी ने दर्शकों को खूब भावुक किया। शो इतना हिट रहा कि एकता कपूर ने इसका नया सीजन भी लॉन्च किया, हालांकि वो उतना सफल नहीं रहा जितना पुराना सीजन। बालिका वधू में शो बाल विवाह जैसे संवेदनशील मुद्दे को लेकर आया और पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया। आनंदी का किरदार निभाने वाली अविका गौर रातों-रात स्टार बन गईं। शो की सामाजिक प्रासंगिकता आज भी लोगों के जेहन में है। गरीबी और अमीरी के बीच के सामाजिक फासलों को दिखाता उतरन शो दर्शकों से जुड़ गया था। इच्छा और तपस्या की दोस्ती, दुश्मनी और बदलते रिश्तों ने लंबे समय तक लोगों को बांधे रखा।

## द ग्रेट इंडियन कपिल शो की व्यूअरशिप में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स के फेमस कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का तीसरा सीजन शुरू हो गया है। इस शो के पहले एपिसोड में सलमान खान, दूसरे एपिसोड में 'मेट्रो इन दिनों' की स्टारकास्ट और तीसरे एपिसोड




में क्रिकेटर्स दिखाई दिए। लेकिन, चाहकर भी ये लोग पहले जैसे मैजिक क्रिएट नहीं कर पाए। यही कारण है कि शो की व्यूअरशिप में गिरावट देखने को मिल रही है। शो के पहले एपिसोड में सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म 'सिकंदर' का प्रमोशन किया, जिसे 1.6 मिलियन व्यूज और 1.9 मिलियन व्यूइंग ऑवर्स मिले। लेकिन, सीजन 1 के पहले एपिसोड में जब रणबीर कपूर अपनी मम्मी नीतू कपूर के साथ आए थे, तब उनके एपिसोड को 2.4 मिलियन व्यूज मिले थे। दूसरे एपिसोड की बात करें तो, इसकी व्यूअरशिप 2 मिलियन पर सीमित रही। तीसरे एपिसोड जिसमें भारतीय क्रिकेटर्स आए थे उसकी व्यूअरशिप गिरकर 1.2 तक पहुंच गई।व्यूअरशिप में गिरावट चिंता का विषय है, लेकिन फिर भी कपिल शर्मा का ये शो नेटफ्लिक्स के टॉप 10 नॉन-इंग्लिश शोज में बना हुआ है।

# राष्ट्रपति भवन में होगी तन्वी द ग्रेट की स्पेशल स्क्रीनिंग

**मुंबई।** अनुपम खेर अपनी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इस फिल्म की स्क्रीनिंग 'राष्ट्रीय रक्षा अकादमी' पुणे में हुई। तब इस फिल्म की तारीफ हुई थी। अब फिल्म को स्पेशल स्क्रीनिंग के जरिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देखेंगीं। फिल्म की रिलीज से पहले 'तन्वी द ग्रेट' की स्क्रीनिंग राष्ट्रपति भवन कल्चरल सेंटर में होगी। फिल्म की स्क्रीनिंग टीम के लिए खुशी का मौका है। खासकर फिल्म के अभिनेता और निर्देशक अनुपम खेर के लिए, जिन्होंने इसे अपने दिल के करीब बताया है। अनुपम खेर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर जानकारी दी है कि 'तन्वी द ग्रेट' की स्क्रीनिंग दिल्ली में भारतीस सेन के लिए भी की जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा है 'मुझे खुशी होगी कि मैं भारतीय सेना के जनरल उपेंद्र द्विवेदी को यह फिल्म दिखाऊं। क्योंकि, सेना ने न केवल मुझे, बल्कि 1.4 अरब भारतीयों को सुरक्षित महसूस कराने में अहम भूमिका निभाई है।' फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' ऑटिज्म और भारतीय सेना पर आधारित है।



यह फिल्म पहले ही काफी मशहूर हो चुकी है। इसकी स्क्रीनिंग कान, न्यूयॉर्क, लंदन और ह्यूस्टन में हो चुकी है। फिल्म को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में स्टैंडिंग ओवेशन मिल चुका है। इस फिल्म में अनुपम खेर ने अभिनेत्री शुभांगी के साथ अहम किरदार निभाया है। इसमें करण ठक्कर और बोमन ईरानी ने भी अभिनय किया है। तन्वी द ग्रेट में तन्वी रैना की कहानी दिखाई गई है।

# खंभा फाड़कर निकले महावतार नरसिम्हा, रिलीज हुआ हिंदी ट्रेलर

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स और क्लीम प्रोडक्शंस की नई फिल्म महावतार नरसिम्हा का थिएट्रिकल ट्रेलर लॉन्च हो गया है। यह फिल्म भव्य दृश्यों, रोमांचक कहानी और शानदार प्रस्तुति के साथ एक अनोखा सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है। यह महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली फिल्म है, जो भारतीय पौराणिक कथाओं पर आधारित है। कहानी भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद और उनके पिता हिरण्यकश्यप के बीच संघर्ष पर केंद्रित है। हिरण्यकश्यप को भगवान ब्रह्मा से अमरता का वरदान मिला है, लेकिन वह आस्था के खिलाफ हो जाता है। प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु अपने नरसिंह अवतार में प्रकट होते हैं। ट्रेलर में शानदार दृश्य और जोरदार बैकग्राउंड म्यूजिक दर्शकों को एक नया अनुभव देने का वादा करते हैं। साथ ही ट्रेलर में वीएफएक्स का कमाल वाकई शानदार दिखाई दिया।



*__महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की योजना__ : मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्माताओं ने अगले 10 साल के लिए महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की योजना भी साझा की, जिसमें भगवान विष्णु के सभी दस अवतारों पर फिल्में बनेंगी। जिनमे महावतार नरसिम्हा (2025), महावतार परशुराम (2027), महावतार रघुनंदन (2029), महावतार धावकादेश (2031), महावतार गोकुलानंद (2033), महावतार कल्कि भाग 1 (2035) और महावतार कल्कि भाग 2 (2037) शामिल हैं। महावतार नरसिम्हा का निर्देशन अश्विन कुमार ने किया है और इसे शिल्पा धवन, कुशाल देसाई और चैतन्य देसाई ने मिलकर बनाया है। यह फिल्म 25 जुलाई 2025 को हिंदी सहित कई भारतीय भाषाओं और 3डी में रिलीज होगी।*

उन चंद गीतकारों में से एक हैं, जिन्हें हिंदी फिल्म गीतों में योगदान के लिए जाना जाता है

# रफी और लता जैसे गायकों ने दी असद भोपाली के गानों को आवाज

*__नई दिल्ली।__ असद भोपाली उन चंद गीतकारों में से एक हैं, जिन्हें हिंदी फिल्म गीतों में अपने योगदान के लिए जाना जाता है। पहले लोग उन्हें बेहतरीन शायर के लिए जानते थे। इसके बाद फिल्मों में बेहतरीन गाने लिखने के लिए जानने लगे। उनके गानों को मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर जैसे गायकों ने गाया है। उन्हें सबसे अच्छे गीतकार के लिए अवार्ड भी मिला है।*



## इस तरह फिल्मों में मिला काम

असद भोपाली का जन्म 10 जुलाई 1921 को मध्य प्रदेश के जिला भोपाल में हुआ था। उनका बचपन का नाम असदुल्लाह खान था। उनके पिता अरबी और फारसी भाषाओं के शिक्षक थे। साल 1949 में फिल्म निर्माता की जोड़ी फाजली ब्रदर्स फिल्म 'दुनिया' पर काम कर रहे थे। उनकी फिल्म के गीतकार आरजू लखनवी भारत-पाकिस्तान बंटवारे के वक्त पाकिस्तान चले गए। उस वक्त तक फिल्म के सिर्फ दो गाने लिखे हुए थे। फाजली ब्रदर्स नए गीतकार की तलाश कर रहे थे। तभी उनकी नजर में असद भोपाली आए।

## मुशायरे के जरिए फिल्म निर्माता ने किया पसंद

कारोबारी सुगम कपाड़िया जो भोपाल में कुछ नए सिनेमाघरों के मालिक थे, ने फाजली ब्रदर्स को बताया कि भोपाल में कई अच्छे कवि हैं। उन्होंने उन्हें सुझाव दिया कि आप भोपाल आकर मुशायरे में हिस्सा लें और अच्छे कवि या गायक की तलाश करें। फाजली ब्रदर्स सहमत हो गए। 5 मई 1949 को कपाड़िया ने भोपाल टॉकीज में एक मुशायरा आयोजित कराया। कई शायरों के साथ असद भोपाली ने भी इस मुशायरे में हिस्सा लिया और शेर पढ़े। फाजली ब्रदर्स, असद भोपाली के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने असद भोपाली को बॉम्बे बुलाया।



**असद भोपाली की रचनाएं** : असद भोपाली ने फिल्म 'रंगभूमि' के लिए गीत लिखे थे। यह फिल्म उनके निधन के बाद 1992 में रिलीज हुई थी। उनकी कविताओं का एक संग्रह रोशनी, धूप, चांदनी 1995 में भोपाल की उर्दू अकादमी से प्रकाशित किया गया। असद भोपाली का निधन 9 जून 1990 को भोपाल में हुआ।

## सबसे अच्छे गीतकार के लिए पुरस्कार

असद भोपाली का नाम मजरूह सुल्तानपुरी, साहिर लुधियानवी और जां निसार अख्तर जैसे गीतकारों के साथ लिया जाता है। अपने लिखे गानों के जरिए उन्होंने शोहरत कमाई। असद भोपाली को सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए 1990 में 35वां फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। उन्हें यह पुरस्कार 'मैंने प्यार किया' (1989) के गाने 'दीवाना के लिए' के लिए दिया गया।

## मोहम्मद रफी ने गाया पहला गाना

निर्माताओं के कहने पर असद भोपाली ने फिल्म 'दुनिया (1949)' के लिए दो गाने लिखे। उनके पहले गाने 'रोना है तो चुपके-चुपके' को मोहम्मद रफी ने गाया और 'अरमान लुटे, दिल टूट गया' को सुरैया ने गाया। अगले साल उन्होंने फिल्मों के लिए कुछ और गाने लिखे। इन गानों को लता मंगेशकर और शमशाद बेगम ने गाया था। असद भोपाली को सबसे बड़ा ब्रेक फिल्म 'अफसाना' (1951) में मिला। इस फिल्म के लिए उन्होंने पांच गाने लिखे।

## 400 से ज्यादा फिल्मों में लिखे गाने

असद भोपाली ने अपने दौर में कई संगीत निर्देशकों के साथ काम किया। उन्होंने लक्ष्मीकांत प्यारेलाल की पहली रिलीज हुई फिल्म 'पारसमणि' के लिए मशहूर गाना 'वो जब याद आए, बहुत याद आए' लिखा। उन्होंने म्यूजिक डायरेक्टर उषा खन्ना के साथ काम किया। उन्होंने भोपाली के कई गानों को संगीत दिया। साल 1949 से लेकर 1990 तक असद भोपाली ने 100 से ज्यादा फिल्मों में 400 से ज्यादा गाने लिखे।

## खबर संक्षेप

### जिले में 518.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 11 जुलाई तक 518.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 16.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 607.2 मिली मीटर, पुसौर में 570, खरसिया में 512.8, घरघोड़ा में 496.7, तमनार में 375.7, लैलूंगा में 473.5, मुकडेगा में 594, धरमजयगढ़ में 437.5, छाल में 505.5 एवं कापू में 610 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### कोल इंडिया पेंशनर्स एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा 27 को

**जांजगीर-चांपा।** कोल इंडिया पेंशनर्स एसोसियेशन बिलासपुर एसईसीएल क्षेत्र की वार्षिक आम सभा रविवार 27 जुलाई को रविन्द्र भवन बसंत बिहार एसईसीएल बिलासपुर में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। कोल इंडिया बिलासपुर सीआईपीए पेंशनर्स एसोसियेशन के सचिव निरंजन कुमार जैन ने बताया कि आमसभा के दौरान वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025 का आय व्यय का ब्यौरा, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खर्च की स्वीकृत, वर्तमान प्रबंध कारिणी समिति का कार्यकाल पूर्ण होने पर नया प्रबंध कारिणी समिति का चयन, गठन नियमावली संविधान में, आंशिक संशोधन, अनेक विषय जैसे पेंशन वृद्धि के मामले में अगला स्टेप क्या उठाना है इसके बारे में भी चर्चा, मेडिकल स्कीम के बारे में चर्चा उनके बिल भुगतान में कि जा रही देरी के बारे में, स्मार्ट कार्ड, 20 बीस लाख रुपये, ग्रेजुती भुगतान आदि अनेक विषय सभा में चर्चा किये जायेंगे । प्रबंध कारिणी समिति के चयन गठन मतदान एवं पद प्रत्याक्षी कि पात्रता एसोसियेशन (सीआईपीए ) के आजीवन, स्थायी सदस्यता के रसीद के आधार पर ही होगा। प्रबंध कारिणी समिति में कोल इंडिया पेशनर्स एसोसियेशन बिलासपुर रजि. नं. 11666 के नियमावली संविधान में वर्णित पदों पर ही निर्वाचन होगा। आम सभा में नागपुर फेडरेशन के पदाधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### हज यात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ

**अकलतरा।** हज यात्रा 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद इमरान ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि, हज कमेटी ऑफ़ इंडिया, मुंबई द्वारा हज 2026 के लिए ऑनलाइन हज आवेदन की प्रक्रिया 7 जुलाई से शुरू की जा चुकी है। ऑनलाइन हज आवेदन हज कमेटी ऑफ़ इंडिया की वेब साइट www. hajcommittee. gov.in पर उपलब्ध है। आवेदकगण हज सुविधा एप के माध्यम से भी आवेदन कर सकते है। हज यात्रा के लिए आवेदकों के पास 31 दिसंबर 2026 तक की वैधता युक्त पासपोर्ट होना वांछनीय है। ऑनलाइन हज फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु पूर्णिमा उत्सव कल

**पामगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल पामगढ़ का गुरु पूर्णिमा उत्सव 13 जुलाई को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक विद्या निकेतन स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग सदभाव प्रमुख योगेश शर्मा होंगे ।

### निगम कमिश्नर के निर्देश पर चला अभियान, आयुक्त ने शहरवासियों से मांगा सहयोग

# बारिश में डूब रहा था इलाका, रामनिवास टॉकीज के पास नाले की दीवार टूटी, निकाला गया मलबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लगातार हो रही बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति गंभीर होती जा रही है। नगर निगम प्रशासन इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए तकनीकी कार्ययोजना के तहत युद्धस्तर पर काम कर रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार सुबह रामनिवास टॉकीज के सामने स्थित चैतन्य केडिया परिसर से लगे नाले की दीवार को निगम ने जेसीबी से तोड़कर पोकलेन मशीन से नाले की सफाई और गहराई का कार्य प्रारंभ किया।

इस अभियान का उद्देश्य नाले की जलधारण क्षमता बढ़ाना और वर्षा जल की निर्बाध निकासी सुनिश्चित करना है। ताकि शहर के निचले इलाकों विशेषकर पैठुडबरी, संजय मार्केट और रामनिवास टॉकीज के पास के रिहायशी क्षेत्रों में जलभराव और घरों में पानी घुसने की समस्या से निजात दिलाई जा सके। कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय स्वयं लगातार जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं और तकनीकी टीम को आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। उनके निर्देश पर शुक्रवार को रामनिवास टॉकीज क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नाला सफाई कार्य शुरू हुआ।



#### 9 ट्रैक्टर ट्राली मलबा निकाला गया

करीब 150 मीटर लंबे हिस्से में पोकलेन मशीन से गाद, मलबा, झाड़ियां व कचरा हटाकर नाले का गहरीकरण किया गया। दोपहर तक 9 ट्रैक्टर ट्राली मलबा निकाला जा चुका था और कार्य आगे भी जारी रहा। इससे नाले की प्रवाह क्षमता में बढ़ोतरी हुई और जल निकासी सहज हो गई।

#### तकनीकी उपायों से निकलेगा स्थायी हल

कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने कहा कि हर साल बारिश में जलभराव की समस्या शहर के लिए चुनौती बन जाती है। इसे केवल तात्कालिक नहींए बल्कि स्थायी समाधान की दृष्टि से लिया जा रहा है। निगम प्रशासन वैकल्पिक नाली निर्माण, पुराने बाउंड्रीवॉल हटाने, दीवारों को तोड़ने और खाली भूमि से जल निकासी के लिए व्यापक रणनीति के तहत काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इन कार्यों में शहरवासियों का सहयोग अत्यंत जरूरी है। निगम की टीम यदि किसी निजी भूमि या बाउंड्रीवॉल को हटाने की आवश्यकता महसूस करती है तो उस स्थिति में नागरिकों को भी सहयोग करना चाहिए ताकि सामूहिक प्रयास से शहर को जलभराव की समस्या से मुक्ति मिल सके।

#### स्थानीय लोगों का मिला सहयोग

यह कार्य स्थानीय मार्बल व्यवसायी और भूमि स्वामी चैतन्य केडिया के सहयोग से संभव हुआ। उन्होंने निगम को अपने परिसर की दीवार तोड़ने की अनुमति दी ताकि नाले तक मशीनरी पहुंच सके और सफाई कार्य में आसानी हो। उनकी पहल निगम और नागरिकों के बीच सामंजस्य का एक अच्छा उदाहरण बनी है।

#### सफाई कार्य में आ रही थी दिक्कत

नाले की दोनों ओर बनी पुरानी दीवारों के कारण अब तक सफाई कार्य में बाधा आ रही थी। संकरी नाली में मशीन का प्रवेश संभव नहीं थाए जिससे कचरा और मलबा जमा होता जा रहा था। इस दीवार को तोड़ने की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी।



### बीच सड़क ट्रक खराब, शबरी सेतु पर वाहनों की कतार

**शिवरीनारायण।** बुधवार की रात शबरी सेतु पर ट्रक बिगड़ने के कारण गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिसके चलते आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि यातायात पुलिस द्वारा जाम को हटाने पर आवागमन बहाल हो सका। ज्ञात हो कि गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर महानदी शबरी सेतु वनोपज जांच नाका के पास बीते बुधवार की रात को एक ट्रक सडक के बीच में खराब हो गया था और गुरुवार सुबह 6 बजे से ही गिधौरी - शिवरीनारायण मार्ग पर ट्रैफिक जाम हो गया है और आवागमन बाधित था। कुछ देर बाद वहां के जनप्रतिनिधि द्वारा सुचारू रुप से आवागमन एक साईड से बारी बारी से निकालने में सहयोग किया, लेकिन वाहन चालकों की लापरवाही से फिर से जाम हो गई। ट्रैफिक जाम की स्थिति होने की खबर गिधौरी एवं शिवरीनारायण थाना में दिया गया था और मौके पर पुलिस पहुंचे हुए थे और गाडियों का लम्बा जाम से राहगीरों एवं यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा।

## बेकाबू बोलेरा डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसने स्थानीय लोगों को दहला दिया। जेपीएल पावर प्लांट के मेन गेट के सामने तेज़ रफ्तार में दौड़ रही एक बोलेरो वाहन ने अचानक अपना संतुलन खो दिया और सामने चल रहे कई अन्य वाहनों को जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क किनारे बने डिवाइडर से जा भिड़ी।

हादसा इतना जबरदस्त था कि बोलेरो में सवार तीन लोगों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। मृतक की पहचान अभी पुलिस द्वारा सार्वजनिक नहीं की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो की रफ्तार काफी तेज़ थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया। रास्ते में खड़ी या धीरे चल रही गाड़ियों को रगड़ते हुए बोलेरो डिवाइडर से जा टकराई। हादसे की आवाज़ इतनी तेज़ थी कि आस.पास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और घायलों को बाहर निकालने में मदद की।

मौके पर पहुंची तमनार पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और परिजनों को सूचना दी जा रही है। पुलिस हादसे की विस्तृत जांच में जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाना मुख्य कारण माना जा रहा है। बोलेरो चालक नशे की हालत में था या नहीं, इसका परीक्षण मेडिकल जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा। हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के गंभीर परिणामों की ओर इशारा किया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जेपीएल पावर प्लांट के सामने सड़क पर ट्रैफिक नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएंए ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाएं रोकी जा सकें।

**खास बातें**

- तमनार में बोलेरो ने मचाया तांडव, जेपीएल गेट के सामने हुआ हादसा

### बारिश से सड़क पर गिरा पीपल का पेड़, चलना हुआ मुश्किल



**बम्हनीडीह।** लखुर्री मौहाडीह मार्ग पर बारिश के चलते विशालकाय पीपल का पेड़ भर भराकर गिर गया है। जिसके चलते लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत मौहाडीह को अन्य गांव से जोड़ने वाली एकमात्र मुख्य सड़क पर लखुर्री मौहाडीह के बीच बीते रात अचानक एक विशाल पीपल का पेड़ गिर गया। जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। सड़क के बीचों-बीच गिरे इस पेड़ के कारण दोपहिया से लेकर चारपहिया वाहनों की आवाजाही ठप है और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग मौहाडीह को आसपास के कई गांवों और जनपद मुख्यालय से जोड़ता है। ऐसे में पेड़ गिरने से न सिर्फ लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है, बल्कि आपातकालीन स्थिति में भी आवागमन कठिन हो गया है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पेड़ को हटाकर रास्ता साफ किया जाए, ताकि सामान्य जीवन पटरी पर लौट सके।

## बेसिक पुलिसिंग को बनाएं मजबूत लापरवाही पर होगी कार्रवाईः आईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिलासपुर रेंज के आईजी डॉण संजीव शुक्ला ने शुक्रवार को रायगढ़ जिला पुलिस कार्यालय के नियंत्रण कक्ष में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक का मुख्य उद्देश्य 1 जुलाई 2024 से लागू हुए नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा और पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत करना रहा।

बैठक की शुरुआत में आईजी डॉ. शुक्ला ने नए कानूनों को लागू करने की दिशा में की जा रही प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि गृह मंत्रालय एवं राज्य पुलिस मुख्यालय की तरफ से नए प्रावधानों को लेकर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस महानिदेशक द्वारा भी नए कानूनों के सफल क्रियान्वयन के लिए सख्त दिशा.निर्देश दिए गए हैं।

आईजी डॉ. शुक्ला ने नए कानूनों के तहत अपराध अनुसंधान में तकनीकी संसाधनों के महत्व पर बल देते हुए ईसाक्ष्य, क्राइम मैक्स, नेटग्रिड जैसे डिजिटल टूल्स के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता जताई। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी आपराधिक मामले की विवेचना में फॉरेंसिक टीम की साझेदारी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए, जिससे जांच प्रक्रिया पारदर्शी और परिणामदायी हो सके। आईजी डॉ. शुक्ला ने रायगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सीसीटीवी कैमरा अभियान की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह अभियान आम नागरिकों की सहभागिता का बेहतरीन उदाहरण है, जिससे शहरी क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को नया आयाम मिल रहा है। उन्होंने इस अभियान को और भी व्यापक करने के निर्देश दिए तथा अधिक से अधिक लोगों को इसमें शामिल करने की अपील की।

**खास बात**

- आईजी डॉ. शुक्ला ने की रायगढ़ पुलिस अधिकारियों के साथ अहम बैठक



#### जिला पुलिस को मिला स्पष्ट संदेश

आईजी ने अधिकारियों को यह स्पष्ट संदेश दिया कि अब पुलिसिंग में लापरवाहीए ढिलाई या पुरानी सोच के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि समय के साथ पुलिसिंग की प्रकृति बदली है और अब तकनीक, पारदर्शिता और त्वरित प्रतिक्रिया ही नई पहचान बननी चाहिए। इस महत्वपूर्ण बैठक में रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम सहित समस्त उप पुलिस अधीक्षकए थाना व चौकी प्रभारी और शाखा प्रभारी शामिल रहे।

#### बेसिक पुलिसिंग को बताया अपराध नियंत्रण की रीढ़

उन्होंने जोर देकर कहा कि बेसिक पुलिसिंग ही किसी भी अपराध नियंत्रणए विधि व्यवस्था और सफल विवेचना की मजबूत नींव है। डॉ. शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्यों का नियमित मूल्यांकन करें, अच्छा काम करने वालों को प्रोत्साहित करें और लापरवाही बरतने वालों पर तत्काल सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एक उत्तरदायी, अनुशासित, तकनीकी रूप से दक्ष और जनता से बेहतर संवाद करने वाली पुलिस व्यवस्था ही वर्तमान समय की आवश्यकता है। पुलिस की जवाबदेही तभी बढ़ेगी जब थानों में मूलभूत कार्य संस्कृति को मजबूत किया जाएगा।

## रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर का वार्षिक शपथ ग्रहण समारोह 9 जुलाई को होटल ट्रिनिटी में भव्य रूप से आयोजित हुआ। समारोह में वर्ष 2025-26 के लिए नवगठित कार्यकारिणी ने शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश की वंदनाए दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। मुख्य अतिथि रोटेरियन संजय एनआर, विशिष्ट अतिथि डीजीएन रोटेरियन भानुप्रताप सिंह, शपथ अधिकारी डीजी रोटेरियन अमित जायसवाल और क्लब संस्थापक रोटेरियन पुरुषोत्तम अग्रवाल संजीवनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि संजय एनआर ने क्लब की सामाजिक गतिविधियों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। शपथ अधिकारी अमित जायसवाल ने अध्यक्ष मनीष जायसवालए सचिव नयन अग्रवाल और कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल को शपथ दिलाई। पूर्व पदाधिकारियों ने कॉलर और पिन पहनाकर उन्हें कार्यभार सौंपा। क्लब के नए सदस्यों ने भी शपथ ली। पूर्व अध्यक्ष नीरज गुप्ता और पूर्व सचिव सूरज जायसवाल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और सभी का आभार जताया। समारोह में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम की सफलता में क्लब के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा




## श्याम मंडल चुनाव का बिगुल बजा 23 को मतदान, अधिसूचना जारी

**रायगढ़।** नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम मंडल की वर्तमान कार्यकारिणी का 1 वर्ष पूर्ण हो रहा है। इसके साथ ही नवीन कार्यकारिणी का चुनावी प्रक्रिया द्वारा निर्वाचन होना है। मंडल चुनाव के लिए एडवोकेट सुभाष बेरीवाल को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मुकेश मित्तल कलानोरिया को सहायक चुनाव अधिकारी एवं प्रकाश निगानिया को उप निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन मंडल ने 9 जुलाई बुधवार को चुनाव हेतु अधिसूचना जारी कर दी एवं चुनाव कार्यालय के बाहर चस्पा कर दिया। जिसके साथ ही श्याम मंडल में आचार संहिता प्रभावशील हो गई। अप निर्वाचन अधिकारी प्रकाश निगानिया ने बताया कि श्याम मंडल में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, सह सचिव व कार्यकारी सदस्य के पदों में चुनाव होना है। जिसके लिए 9 जुलाई बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। जिसमें दिनांक 10 जुलाई को मतदाता सूची का सूचना पटल प्रकाशन दिनांक 11 जुलाई से 15 जुलाई तक प्रातः 10 से 12 बजे तक मतदातागण सदस्यगण प्राथमिक मतदाता सूची के संबंध में अपनी उचित आपत्ति निर्वाचन मंडल में समक्ष कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। दिनांक 16 जुलाई को दावा आपत्ति निराकरण, 17 जुलाई को अभियार्थी नामांकन फार्म प्राप्त कर सकते है। 18 जुलाई को अभियार्थी नामांकन फार्म जमा कर सकते है। 19 जुलाई को नामांकन फार्म की जाँच व स्कूटनी के पश्चात उसी दिन वैध नामांकन सूचना पटल पर चस्पा कर दिया जाएगा। 20 जुलाई को अभियार्थी नामांकन वापस ले सकते है। इसके बाद उसी दिन शेष उमीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी। तत्पश्चात 23 जुलाई को मतदान होगा एवं शाम तक निर्वाचन मंडल द्वारा परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

### घर बैठे कमाई का झांसा, बेरोजगारों को बनाया जा रहा निशाना

## सावधान : वर्क फ्रॉम होम ठग गिरोह सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बेरोजगारी और महंगाई के इस दौर में हर कोई अतिरिक्त आय की तलाश में है। ऐसे में वर्क फ्रॉम होम यानी घर बैठे काम करके पैसे कमाने के झूठे सपने दिखाकर ठगी का एक बड़ा गिरोह सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स के माध्यम से सक्रिय हो गया है। यह गिरोह खासकर युवाओं, महिलाओं और बेरोजगारों को निशाना बना रहा है।

यह साइबर ठग पहले व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्मों पर लुभावने संदेश भेजते हैं। घर बैठे 5 हजार से 20 हजार हर हफ्ते कमाएं। बिना निवेश के पार्ट टाइम जॉब। डाटा एंट्री, ऑनलाइन फॉर्म फिलिंग, गूगल रिव्यू टास्क आदि के पैसे पाएं। ऐसा मैसेज भेजते हैं। अथवा अखबार के जरिए ये अपना पम्पलेट घरों तक भेज देते हैं। इससे आकर्षित होकर बेरोजगार युवा आसानी से ठगों के चंगुल में फंसते हैं। लोगों को आकर्षित करने के लिए शुरुआत में कुछ छोटे टास्क दिए जाते हैं। जैसे गूगल पर रेटिंग देना, वेबसाइट खोलना या यूट्यूब वीडियो को लाइक करना। इन कार्यों के बदले तुरंत कुछ राशि ट्रांसफर भी किए जाते हैं ताकि पीड़ित का भरोसा जीता जा सकें।




#### टास्क के बाद शुरू होती है ठगी

भरोसा जमने के बाद गिरोह पीड़ित को बड़े टास्क देने का प्रस्ताव देता है, जिसके लिए वर्क सिक्योरिटी चार्ज, डिपॉजिट, सिस्टम अपग्रेड फीस या टास्क अनलॉक चार्ज के नाम पर 1000 से लेकर 50 हजार तक वसूले जाते हैं। एक बार पैसा ट्रांसफर होते ही आरोपी नंबर ब्लॉक कर देते हैं। ऐसे में रोजगार तलाशने वाला फिर से बेरोजगार हो जाता है।

#### रायगढ़ और आसपास के कई लोग बने शिकार

साइबर सेल को अब तक कई शिकायतें मिली हैं कि लोगों ने 5 हजार से 70 हजार तक इन गिरोहों को गवां दिए हैं। कुछ मामलों में तो पीड़ितों ने कर्ज लेकर पैसे ट्रांसफर किए थे। इस उम्मीद में कि जल्द कमाई होगी।

## परसाहीबाना का पंचायत भवन जर्जर, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत परसाहीबाना के पंचायत भवन जर्जर हो चुका है। वहीं दीवारों में दरारें पडने लगी है। जिसके चलते हर पल दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

ग्राम पंचायत के सड़क, नाली, पानी, बिजली, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित गांव के गली कुचों के प्रत्येक समस्याओं का समाधान के लिए योजना बनाने वाली जगह पंचायत भवन होती है, जहां से ग्राम विकास एवं विभिन्न नवनिर्माणों की रूपरेखा तय की जाती है लेकिन ग्राम पंचायत भवन ही पूर्णतः जर्जर है, जहां कभी भी छत का प्लास्टर एवं पूरा छत ही गिरकर किसी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। ग्राम के सरपंच परमेश्वर पटेल ने बताया कि पंचायत भवन का निर्माण वर्षों पूर्व किया गया था जो वर्तमान में पूरी तरह जर्जर हो चुका है। पंचायत भवन की दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं, छत इतना कमजोर हो चुका है। छत के अंदर का प्लास्टर कई स्थानों से गिर गया है एवं कभी भी पूरे छत के गिरने की आशंका बनी हुई है। जिसके चलते पंचायत की बैठकें नियमित तौर पर नहीं हो पा रही हैं। नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए जिला पंचायत में कई बार आवेदन किया जा चुका है।

